जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोप0/2024/734 दिनांकः 12.04.2024

प्रति,

समस्त प्राचार्य
समस्त संबद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

विषय :– अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) आई.डी. में संशोधन विषयक्।

संदर्भः– कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन का पत्र क्रमांक 48/21/आउशि/शा–5अ/2023 दिनांक 15 जनवरी 2023

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा समस्त नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरते समय अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) पर पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया था, जिससे प्रत्येक विद्यार्थी की आई.डी. निर्मित हो सके। छात्रों के द्वारा भरे गये परीक्षा फार्म में बहुत से छात्रों ने गलत ABC आई.डी. अंकित की है, जिससे भविष्य में छात्रों का परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

अतः विश्वविद्यालय ABC आई.डी. को संशोधित किये जाने के लिए महाविद्यालय स्तर पर लिंक उपलब्ध कराई जा रही है। समस्त प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि ऐसे छात्रों की ABC आई.डी. संशोधित की जावे जिन्होंने परीक्षा फार्म में गलत ABC आई.डी. अंकित की है। इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर सम्पन्न किया जावे।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. उप/सहायक-कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. अनुभाग अधिकारी, (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहायक-कुलसचिव(परीक्षा)